Regarding need to construct a bridge over Ganga River in Bhadohi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid

डॉ. विनोद कुमार बिंद (भदोही) **:** मेरे संसदीय क्षेत्र भदोही के अंतर्गत कोनिया क्षेत्र में धन तुलसी से डेंगूरपुर तक गंगा नदी पर पक्के पुल की आवश्यकता है, जिसकी दूरी करीब 1 किलोमीटर है । आपको अवगत कराना है कि यह वह क्षेत्र है जो धार्मिक स्थल सीता समाहित स्थल, लव कुश जन्मस्थली और बाल्मीकि आश्रम के नजदीक है । यहां रोजाना बड़ी संख्या में देश विदेश से दर्शनार्थियों का आवागमन होता है । अगर यहां गंगा पर पक्के पुल का निर्माण होता है तो 50 से ज्यादा गांव के ग्रामीण जिनकी संख्या लाखों में है, जो रोजी रोजगार के लिए आते जाते हैं और दर्शनार्थियों का आना-जाना रहता है और कोनिया क्षेत्र में प्रयागराज मिर्जापुर सहित मध्य प्रदेश और आसपास के कई क्षेत्रों में आने-जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है । यह क्षेत्र भदोही जिला मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर दूर है । ऐसे में कोनिया क्षेत्र में गंगा पर पक्के पुल बनने से लाखों की आबादी को लाभ होगा । मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि तत्काल इस कार्य को करने की कृपा करें ।